दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 253
मुरादाबाद
(Sunday)
04 January 2026
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पवित्र पिपरहवा अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभः पीएम बोले- भगवान बुद्ध सबके हैं, सबको जोड़ते हैं

भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके पवित्र अवशेषों के दर्शन पाकर वह धन्य हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध सबके हैं और सबको जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा, सवा सौ साल के इंतजार के बाद भारत की विरासत लौटी है, भारत की धरोहर लौटी है। आज से भारतीय जनमानस, भगवान बुद्ध के इन पवित्र अवशेषों के दर्शन कर पाएगा, भगवान बुद्ध के आशीर्वाद ले पाएगा। मैं इस शुभ अवसर पर यहां मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। पीएम मोदी का 2026 का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम

उन्होंने आगे कहा, 2026 के शुरुआत में ही यह शुभ उत्सव बहुत प्रेरणादायी है और मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि 2026 का ये मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है, जो भगवान बुद्ध की चरणों से शुरू हो रहा है। मेरी कामना है कि भगवान बुद्ध के आशीर्वाद से 2026 दुनिया के लिए शांति, समृद्धि और सद्भाव का नया दौर लेकर आए।

जिस स्थान पर यह प्रदर्शनी लगी है वो भी अपने-आप में विशेष है। किला राय पिथौरा का यह स्थान भारत के गौरवशाली इतिहास की यशभूमि है।भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष पाकर हम सभी धन्य%- उन्होंने कहा, भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष को अपने बीच पाकर हम सभी धन्य हैं। इनका भारत से बाहर जाना और लौटकर फिर भारत आना... ये दोनों ही पड़ाव अपने-आप में बहुत बड़ा सबक है। सबक ये है कि गुलामी कोई राजनीतिक और आर्थिक नहीं होती, गुलामी हमारी विरासत को भी तबाह कर देती है। भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष के साथ भी यही हुआ। गुलामी के कालखंड में इन्हें भारत से छीना गया। तब से करीब सवा सौ साल तक ये देश से बाहर ही रहे हैं। इसलिए उन्होंने इन पवित्र अवशेषों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नीलाम करने का प्रयास किया। भारत के लिए तो भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष... हमारे आराध्य का ही एक अंश है, हमारी सभ्यता का अभिन्न अंग है।

पूरी मानवता का है भगवान बुद्ध का मार्ग-उन्होंने कहा, भगवान बुद्ध का ज्ञान, उनका दिखाया माग...ंपूरी मानवता का है। यह भाव हमने बीते कुछ महीनों में बार-बार अनुभव किया। बीते कुछ महीनों में भगवान बुद्ध के पावन अवशेष जिस भी देश में गए, वहां आस्था और श्रद्धा का ज्वार उमड़ आया।बुद्ध सबके हैं...सबको जोड़ते हैं.. प्रधानमंत्री ने कहा, भगवान बुद्ध सबके हैं... सबको जोड़ते हैं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली समझता हूं, क्योंकि भगवान बुद्ध का मेरे जीवन में बहुत ही गहरा स्थान रहा है। मेरा जन्म जिस वडनगर में हुआ, वो बौद्ध शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। जिस भूमि पर भगवान बुद्ध ने प्रथम उपदेश दिए, वो सारनाथ आज मेरी कर्मभूमि है। भारत केवल भगवान बुद्ध के पावन अवशेषों का संरक्षक नहीं है, बल्कि उनकी परंपरा का जीवंत वाहक भी है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े अवशेष बुद्ध के संदेश की जीवित उपस्थिति है।

संक्षिप्त समाचार

मासूम की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या... दरिंदों ने इसलिए छत से फेंका शव, मुठभेड़ के बाद हुए गिरफ्तार

यूपी के बुलंदशहर जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक मासूम बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। विरोध करने पर आरोपियों ने बच्ची की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव छत से फेंक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नशे की हालत में थे।सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार शाम लापता हुई छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ उसी मकान में रहने वाले दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की और शव को छत से फेंक दिया था। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।फिरोजाबाद जनपद निवासी श्रमिक की छह वर्षीय मासूम बेटी शुक्रवार शाम को खेलते हुए अचानक लापता हो गई थी। बताया गया कि बच्ची खेलते हुए मकान की ऊपरी मंजिल पर चली गई थी, जहां पहले से ही दो अन्य युवक मौजूद थे। आरोपी नशे की हालत में थे और उन्होंने बच्ची को अकेला पाकर अपनी दरिंदगी का शिकार बनाया। विरोध करने और शोर मचाने पर बच्ची की हत्या कर दी गई और उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया गया।वारदात के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश शुरू की। देर रात पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

तंबुओं की नगरी फिर गुलजार : आस्था का वास... कल्पवासियों का डेरा; संगम की रेती पर कल्पवास करने का अक्षय पुण्य

यूपी के प्रयागराज में एक बार फि से तंबुओं की नगरी गुलजार हो गई है। आज से शुरू कल्पवास एक फरवरी को माघी पूर्णिमा पर पूर्ण होगा। प्रयागराज में कल्पवास करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।प्रयागराज में संगम की रेती पर शनिवार को पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व के साथ ही माघ मेला ही नहीं कल्पवास भी शुरू हो गया। ऐसी मान्यता है कि माघ मास में सभी देवी-देवता प्रयागराज में ही वास करते हैं, इसलिए यहां पौष पूर्णिमा से कल्पवास की शुरुआत होती है। प्रयागराज में कल्पवास करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। संगम की रेती पर बने तंबुओं में गृहस्थ और साधु-संत कल्पवास करते हैं। कल्पवास में लोगों की दिनचर्या नियमित और संयमित होती है। अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के संरक्षक स्वामी महेशाश्रम महाराज के मुताबिक पौष पूर्णिमा पर जो श्रद्धालु कल्पवास के लिए आते हैं, उन्हें सबसे पहले संगम तट पहुंचने पर गणेश पूजन करना चाहिए।इसके बाद गंगा पूजन और रेत से पिंडी बनाकर सभी देवी-देवताओं का पूजन करना चाहिए। इसके बाद श्रद्धालु अपने शिविर में पहुंचते हैं। जहां शिविर के बाहर तुलसी और कदली का पौधा रोपने का विधान है।स्वामी बताते है कि प्रयाग, माघ और कल्पवास तीनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इसका पौराणिक और शास्त्र वर्णित है कि श्रद्धालु पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर कल्पवास का संकल्प लेकर एक माह का कठिन तप और व्रत की शुरुआत करते हैं। इस दौरान ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं।तीन पहर गंगा स्नान और भूमि पर शयन करते हैं। एक पहर गुरु को भोजन कराने के बाद भोजन ग्रहण करते हैं। अपनी कुटिया में देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के साथ ही रामायण और गीता का पाठ करते हैं। संत महात्माओं की कथाओं और प्रवचन का श्रवण करते हैं। इस तरह से माघी पूर्णिमा तक कल्पवास का संकल्प चलता रहता है। कल्पवास पूरा होने पर श्रद्धालु भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक ऊर्जा बटोर कर अपने घर को लौटते हैं। वहीं, माघी पूर्णिमा के बाद भी कई साधु-संत और कल्पवासी मेले में बने रहते हैं। बताते है कि वे त्रिजटा स्नान के बाद अपने आश्रम व घरों के लिए वापसी करते हैं।संगम तट पर आस्था का वास, कल्पवासियों से गुलजार तंबुओं की नगरी

संगम की रेती पर एक बार फिर आस्था ने डेरा डाल दिया है। शनिवार से शुरू हो रहे कल्पवास के लिए लाखों श्रद्धालु संगम तट पर पहुंच चुके हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए कल्पवासी व्रत-तप, साधना और संयम का संकल्प लेकर तंबुओं की नगरी में बस गए हैं। पूरे क्षेत्र में जप, तप और पूजा-अनुष्ठान की तैयारी हो रही है।शुक्रवार देर शाम तक श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा। कल्पवासियों ने अपने-अपने शिविरों में पहुंचकर आवश्यक सामान व्यवस्थित किया। संग लाए तुलसी के पौधों को कुटिया के बाहर रोपा गया, जबकि ठाकुर जी, पूजा सामग्री, दान की वस्तुएं, राशन और वस्त्र शिविरों के भीतर रखे गए। ई-रिक्शा, कार, पिकअप और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से पुआल, बिस्तर, राशन और जलावन लकड़ी लाते कल्पवासी पूरे दिन नजर आए।सहसों निविगारापुर निवासी 71 वर्षीय श्याम मुरारी तिवारी अपने परिवार के साथ ओल्ड जीटी रोड स्थित डूंग जी भूरा मठ के शिविर में कल्पवास करने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि वे कई वर्षों से पूरे परिवार के साथ कल्पवास कर रहे हैं। प्रतापगढ़ जिले के सराय नहर राय निवासी कमल किशोर पांडेय भी अपनी पत्नी के साथ शिविर में पहुंच गए हैं। उन्होंने संगम स्नान के बाद कल्पवास के शुभारंभ की बात कही।

बरेली में सीएम योगी ने दिवंगत भाजपा विधायक को दी श्रद्धांजलि, अंतिम यात्रा में उमड़े हजारों लोग

बरेली में दिवंगत विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल के दर्शन करने के लिए शनिवार सुबह से ही लोग पहुंचने लगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि देने बरेली पहुंचे। उन्होंने शहर के शक्तिनगर स्थित आवास पर विधायक को श्रद्धांजलि दी। उनके परिजनों को ढाढ़स बंधाया। बरेली में दिवंगत विधायक प्रोफेसर डॉ श्याम बिहारी लाल के निधन के बाद दूसरे दिन शनिवार सुबह 11ः43 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर के शक्ति नगर कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि दी। उनके परिजनों को ढाढ़स बंधाया। बता दें कि फरीदपुर से भाजपा विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल शुक्रवार को सर्किट हाउस में हुई पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की मीटिंग में हिस्सा लेने गए थे।बैठक के बाद भोजन के दौरान उनकी अचानक तबीयत खराब हुई थी, फिर करीब घंटेभर बाद ही वह दुनिया को छोड़ गए थे। डॉक्टर ने विधायक की मौत की वजह हृदयाघात बताई है। उनके अचानक निधन से हर वर्ग में शौक है। शनिवार को उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए मुख्यमंत्री भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनकी पत्नी व बच्चों से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। विधायक के परिजनों से मिले सीएम योगी वन राज्यमंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आए। उन्होंने दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि दी। उनके पूरे परिवार से मिले। मुख्यमंत्री ने विधायक की पत्नी, बेटियों और बेटे से जानकारी ली। सीएम योगी ने विधायक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना दी। करीब 15 मिनट यहां रुकने के बाद मुख्यमंत्री रवाना हो गए।दिवंगत विधायक के अंतिम दर्शन करने हजारों लोग पहुंचे। शक्ति नगर स्थित आवास से दोपहर करीब 12 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। फरीदपुर के स्टेशन रोड स्थित श्मशान भूमि पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जनपद के तमाम सर्किलों के पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित पुलिस फोर्स व पीएसी फरीदपुर में विधायक के कार्यालय से लेकर शमशान भूमि तक तैनात है।

बंगाल को 'वेस्ट पाकिस्तान' बनाने की साजिश, मिथुन चक्रवर्ती का आरोप;कश्मीर फाइल्स जैसी स्थिति का दावा

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में भाजपा नेता व अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने राज्य में हालात को कश्मीर फाइल्स जैसा बताते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बंगाल को वेस्ट पाकिस्तान बनाने की साजिश का दावा किया।भाजपा नेता और फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। कूचबिहार में एक कार्यक्रम के दौरान मिथुन ने आरोप लगाया कि बंगाल में जानबूझकर ऐसे हालात बनाए जा रहे हैं, जो कश्मीर फाइल्स में दिखाए गए घटनाक्रम से मिलते-जुलते हैं।मिथुन चक्रवर्ती ने कहा %क्या आपने 'द कश्मीर फाइल्स' देखी है? क्या आपने देखा कि कश्मीरी पंडितों को कैसे वहां से खदेड़ा गया? आज बंगाल में भी वैसी ही स्थिति पैदा की जा रही है। एक साजिश के तहत पश्चिम बंगाल को 'वेस्ट पाकिस्तान' में बदलने की कोशिश हो रही है।भ ाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने आगे कहा कि लक्ष्मी भंडार योजना खराब नहीं है और लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए, क्योंकि यह उनका ही पैसा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से देशभर में लोग लाभान्वित हो रहे हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसे लागू नहीं होने दे रहीं, क्योंकि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार होगा। मिथुन ने आरोप लगाया कि बंगाल में न नौकरियां हैं, न कारखाने, न विकास- हर तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार है। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि राज्य में बांग्लादेश जैसे हालात बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। मिथुन ने कहा कि हाल ही में दीपू दास मामले के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने बेरहमी से लाठीचार्ज किया और 18 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। भाजपा नेता ने सवाल उठाया कि हम किसी घटना के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी नहीं कर सकते। बांग्लादेश में घटना होती है और यहां बंगाल में हिंदुओं पर हमला किया जाता है। यह किस तरह का न्याय है? मिथुन चक्रवर्ती ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज दबाना बेहद खतरनाक संकेत है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो इसका असर सिर्फ बंगाल तक सीमित नहीं रहेगा। इससे पहले भी भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला था।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी देने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी

सुकमा-बीजापुर में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया, नक्सली कमांडर मंगडु भी ढेर

छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षाबलों बड़ी कामयाबी मिली है। जिले के कोन्टा-किस्टाराम इलाके के जंगलों में मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराने की खबर है। उधर, सुरक्षाबलों ने सुकमा जिले में भी दो नक्सलियों को मार गिराया है।बस्तर रेंज में नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीजापुर और सुकमा जिलों में चलाए गए सघन तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कुल 14 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इन नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में एके-47, आईएनएसएएस और एसएलआर राइफल जैसे अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किए गए हैं। तहत दक्षिण बस्तर क्षेत्र में डीआरजी की विशेष टीमों को रवाना किया गया था। ऑपरेशन के दौरान बीजापुर जिले में सुबह लगभग 5 बजे से डीआरजी और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी रही। वहीं, सुकमा जिले में भी सुबह लगभग 8 बजे सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग की स्थिति बनी हुई है।लगातार जारी मुठभेड़ों के बीच, अब तक तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थलों से कुल 14 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। इनमें बीजापुर जिले से 2 और सुकमा जिले से 12 माओवादी शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने इन नक्सलियों के पास से एके-47, आईएनएसएएस और एसएलआर राइफल सहित कई अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए हैं।

संपादकीय Editorial

New Tunes of Hope

Despite economic crises, natural disasters, and uneasy treatment from the central government, if the Himachal government is lighting the lamp of hope, it is a reassessment of its responsibility beyond criticism. The Sukhu government, searching for new tunes and avenues of hope, is now demonstrating its intention to make the next two years a hotbed of action. It wasn't easy to prepare the ground for 100 CBSE schools by sifting through the state's government schools, and now the cabinet meeting indicates that a new test of quality is being posed in the classrooms of education. Lamps worth 100 crores will be lit in the courtyards of these schools to radiate glorious light, following CBSE standards. A new pipeline of special educators, multi-task workers, watchmen, yoga teachers, math and English teachers is being created in each school. We can't simply call this a job opportunity, but rather a new opportunity to empower education. Along similar lines, we can see the creation of 53 assistant professor positions in medical colleges, as well as other categories of nursing positions, but a new upsurge in education is yet to be seen. Just as 100 schools are now joining the state's elite club through the CBSE curriculum, Himachal Pradesh can similarly set an example of efficiency and dedication by designating its regional and zonal hospitals as state-level hospitals for specific diseases. A separate wing within such state-level hospitals could provide excellence and fee-setting flexibility, similar to private hospitals. To further enhance health tourism's tourism potential, select hospitals need to offer world-class facilities and Ayurvedic practices. The Cabinet, by creating 2,224 new jobs, has defined the hard work of young people as a path to success, while also encouraging self-employment in the transportation sector. By providing a 30% subsidy on the purchase of small e-buses, the government has promoted green employment in a green state. Small urban shopkeepers are also being offered loans of up to one lakh rupees. The government has demonstrated its commitment to increasing the profit margin on milk procurement rates by adding new milk processing plants and chilling centers in the second phase of its pilot. Following the preparations for the Jathia Devi Township near Shimla, an attempt is underway to develop another Panchkula or Mohali near Chandigarh in Sheetalpur, Baddi, in pursuit of urbanization. Here, 3,400 bighas of land are being transferred to Himuda in the first phase. It is noteworthy that, in addition to Jathia Devi, township projects in Narghota, Dharamshala, are languishing in the arms of sadness and indifference. Another milestone in the process of relocating offices from Shimla was lifted when the Cabinet announced the relocation of the headquarters of the Backward Classes Commission to Dharamshala. The Himachal government, infusing its compassionate touch, is constantly adding new dimensions to the Sukhashray Scheme and, in this regard, is now providing shelter to some non-governmental organizations. In this regard, the Tong Lane School in Dharamshala is being provided with a shelter roof. Even though the state faces financial constraints and opposition criticism prevails at certain points, the Himachal government is innovating on its own to bring about systemic change. Some efforts in this regard are commendable, but there are certainly many state expenditures that could be curbed.

Deadly Water: 14 People Die in Indore Due to Contaminated Drinking Water

The result is that even metropolitan cities are supplied with substandard drinking water. This leads to millions of cases of waterborne diseases like typhoid, hepatitis, and cholera every year. The NITI Aayog's Comprehensive Water Management Index indicates that approximately two lakh people die annually in India due to lack of safe drinking water. Fourteen people died in Indore due to contaminated drinking water. Sewer water mixed with drinking water pipelines, causing the tragedy. The Municipal Corporation's negligence and the Minister's insensitivity are exposed. The deaths of 14 people due to contaminated drinking water in Indore, which holds the status of the country's cleanest city, is a shocking and shameful incident. This incident not only raises questions about sanitation standards but also exposes the Municipal Corporation's incompetence, tarnishing the country's image. The supply of contaminated drinking water in Bhagirathpura, Indore, proved fatal because sewage effluents entered the drinking water pipeline and then reached homes. Had complaints of contaminated drinking water supply been addressed immediately, this horrific tragedy could have been prevented. However, as is common in our country, complaints of contaminated water supply were ignored until people began dying. The deaths of 14 people, the illness of over a thousand, with over a hundred hospitalized, clearly demonstrate the extent of the toxic water being supplied. This supply was being made in an area of ??Indore that is the constituency of Urban Development Minister Kailash Vijayvargiya, and the department responsible for supplying drinking water falls under his ministry. When the Minister was questioned about this fatal negligence, he displayed insensitivity and dismissed such questions as frivolous. It is not reassuring that Kailash Vijayvargiya, after facing widespread criticism, expressed regret, as it exposed the insensitivity that leads to such incidents. It's also not satisfactory that the relevant officials of the Indore Municipal Corporation were suspended, because suspension is not a punishment, and secondly, it's doubtful that measures can be taken to prevent contaminated water supply. It's better to understand that the Indore Municipal Corporation isn't the only one responsible for ensuring the supply of clean drinking water, as the quality of drinking water in the country is generally substandard. This is evident in the fact that people have to rely on RO systems or purchase drinking water for clean drinking water. This is because, on the one hand, drinking water quality standards are ignored, while on the other, broken pipelines are rarely addressed. The result is that even metropolitan cities are supplied with substandard drinking water. This leads to millions of cases of waterborne diseases like typhoid, hepatitis, and cholera every year. The NITI Aayog's Comprehensive Water Management Index shows that approximately two lakh people die every year in India due to lack of safe drinking water.

Time to Build the India of the Future

In the new year, it cannot be overlooked that there is a constant challenge from terrorist elements on the borders. This necessitates constant vigilance and caution. Similarly, the signs of natural disasters, such as climate change and rising temperatures, highlight the complexity of the environmental crisis. The Indian knowledge tradition and value system have emphasized balance and coexistence with nature. India's economic strength and technological progress are growing. Social inequality, unemployment, and climate change remain major challenges. Inclusive development, skills, and strengthening democratic institutions are essential. India's image as a strong nation has certainly blossomed over the past decade. As we contemplate the future of this changing India in the new year, we must keep in mind both the country's rich ancient civilization and the concept of a modern nation-state. The indelible image of Ramrajya, a symbol of ethical and just governance, still lingers in public memory. Therefore, while we must keep in mind aspirations compatible with globalization, we must also be concerned with the values ??of morality, truth, and non-violence. Looking at the story of the country's progress, we find elements of both continuity and change. In this new year, we must soberly consider what a developed India will look like. Indian society is characterized by many types of pluralities, which some thinkers question the country's fundamental unity. They forget that, in the Indian view, plurality is a manifestation of an underlying fundamental unity - "Ekam Sad Vipra Bahudha Vadanti." The objective should be to discover and recognize this unity. The coexistence and mutual dialogue of diversity, based on closeness in the entire animal kingdom, is the fundamental thinking of this India. It is not without reason that the metaphor of family is central to our thinking. This vision is also essential for national unity, a sense of belonging, and patriotism. The past year has been full of challenges for India. American policy has created difficulties for India's exports, the value of the rupee, investments, and the balance of payments. President Trump's policy of aggressively advancing American interests has harmed us. In light of this, India took several steps to manage the situation. GST rates were reduced and labor laws were amended. It is a significant achievement that, even in the face of dire international uncertainty, India's GDP growth rate remained among the highest in the world. Retail inflation was also the lowest in eight years. Good production, improved supply chains, and low crude oil prices contributed to these circumstances. Domestic investors in the stock market strengthened our economy. Income tax filings and tax collection also improved. New initiatives were launched in the areas of power, urban development, mining, and financial services. India is on its way to becoming a major global economic power and is projected to become the world's third-largest economy by 2030 with a GDP of $7.3 trillion. Socially, the size of the middle class is growing, leading to increased consumption and urbanization, and a reduction in poverty. The country's infrastructure is expanding. Progress is also being made in digital technology, artificial intelligence (AI), space science, metros, and bullet trains. The Made in India initiative is creating new employment opportunities with a significant increase in manufacturing, IT, healthcare, and startups. The production sector is seeing growth, and a policy of indigenous development is being adopted. It is anticipated that the use of 5G and robotics will expand. Online shopping and OTT platforms are rapidly gaining popularity. The dominance of AI will increase further in the future, and cybercrime may also increase. Cybersecurity is becoming a crucial concern. It is also important to remember that the country's future cannot be limited to indicators of economic progress alone. Economic development must be viewed not only in terms of growth rate, but also in terms of increased employment opportunities, social mobility, and improved living standards for the common people. To ensure a quality life for all, the economy must also become knowledge-centric and socially responsible. There is opportunity for a self-reliant India, but we cannot ignore our limitations. Young India is often heralded as an asset, but this requires investment in skills, health, and education. Lack of skill development and youth unemployment are causing discontent in society. Serious efforts must be made to address the inconsistencies in the new education policy and implement it. Doubts remain about the accessibility, quality, and relevance of education. Similarly, public healthcare has also experienced challenges. Mental health facilities are inadequate. Female labor force participation remains low. Income and wealth inequality has also increased, and insecurity in the informal sector persists. Caste, class, gender, and regional disparities also persist. Addressing these challenges will necessitate the inclusion of the excluded, otherwise, the cycle of political parties exploiting social polarization for electoral gain will continue. We must integrate pluralism and national unity. In the new year, it cannot be overlooked that terrorist elements continue to pose a constant challenge on the borders. This necessitates constant vigilance and caution. Similarly Signs from natural disasters, climate change, and rising temperatures highlight the complexity of the environmental crisis. The Indian knowledge tradition and value system emphasize balance and coexistence with nature. We must curb consumerism and adopt a lifestyle that is not inimical to the environment and sustainable development. India's future is bright and full of possibilities, but it also faces challenges such as poverty, climate change, and social inequalities. It will also be essential to increase public trust in democratic institutions and promote social dialogue and tolerance.

अपार आईडी कार्य पूरा न करने पर 18 विद्यालय को नोटिस जारी

मुरादाबाद। माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबद्ध जिले के 429 विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं तक अध्ययनरत 6 लाख से अधिक विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने का कार्य दो वर्षों में भी पूरा नहीं हो सका है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अब तक मात्र 45 प्रतिशत अपार आईडी नहीं बन पाई हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए 18 विद्यालयों को जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोटिस जारी किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पिछले दो वर्ष से माध्यमिक शिक्षा परिषद के संबद्ध विद्यालय में छात्र प्रोफाइल कॉलेज यूडाइस पोर्टल अपलोड अपार आईडी बनाने का कार्य किया जा रहा है। हालांकि निर्धारित समय भी निकल चुका है इसके बाद कई बार विद्यालयों प्रधानाचार्य को मौका दिया गया था। फिर भी जिले में 45 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है। शुक्रवार को सभी विद्यालयों की प्रगति जानने के लिए ऑनलाइन बैठक में अपार आईडी और परीक्षा पे चर्चा की समीक्षा की गई। इस दौरान यह भी सामने आया कि 15 ऐसे विद्यालय हैं, जहां अपार आईडी बनाने की प्रगति महज 5 प्रतिशत रही। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए संबंधित विद्यालयों को नोटिस जारी कर दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। दिए समय के भीतर स्पष्टीकरण न देने पर शासन इसकी रिपोर्ट कार्रवाई की जाएगी। उधर, आगामी परीक्षाओं को लेकर आवश्यक तैयारियों में भी बड़ी खामियां पाई गई हैं। विभागीय निर्देशों के बावजूद लगभग 200 विद्यालय परीक्षा संबंधी कार्यों को समय पर पूरा नहीं कर पाए हैं। इन विद्यालयों में परीक्षा पे चर्चा को लेकर अध्यापकों और अभिभावकों के साथ अनिवार्य चर्चा होनी थी, साथ ही छात्रों के पंजीकरण का कार्य भी कराया जाना था, जो अब तक अधूरा है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा न करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अभिभावकों और छात्रों में भी अपार आईडी और परीक्षा तैयारी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अपार आईडी बनाने में पिछड़े इन विद्यालयों को नोटिस जारी हुआ 1-तस्लीमा मेमोरियल पंडित नगला 2-पवार इंटर कॉलेज, गाजीपुरा 3-आरके इंटर कॉलेज, काजीपुरा 4-बीएचए. इंटर कॉलेज, कटघर 5-फलाहे दारेन इंटर कॉलेज 6-नेशनल मॉडर्न स्कूल, बाईपास, करुला 7-ओमवती राजा राम इंटर कॉलेज 8- भारतीय बाल विद्या मंदिर 9-विकास इंटर कॉलेज, दुर्गा कॉलोनी, सिहोरा गोविंद 10-सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज , गुलाबबाड़ी 11-तोता राम सैनी (टीआरएस) मेमोरियल हायर सेन एसईसी एससीएच स्कूल 12-एमए. इंटर कॉलेज काजीपुरा रोड (मऊ) 13-सावित्री बाई फुले कन्या इंटर कॉलेज, शाहपुर तिगरी 14-श्रीमती श्यामो देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज सूरज नगर 15-साजिद इंटर कॉलेज, मुरादाबाद, 16-ओंकार सरन गर्ल्स इंटर कॉलेज, जयंतीपुर रोड 17-सुरभि शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज 18-केआर कन्या इंटर कॉलेज, दुर्गेश नगर

टैरिफ और कच्चे माल का झटका, मुरादाबाद का निर्यात कारोबार 30 प्रतिशत गिरा, डेढ़ लाख लोगों ने काम छोड़ा

अमेरिकी टैरिफ और कच्चे माल की महंगाई के चलते मुरादाबाद का हस्तशिल्प निर्यात 2025 में बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिले का निर्यात करीब तीन हजार करोड़ रुपये घट गया और 30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी टैरिफ, कच्चे माल की गुजरे साल (2025) में जिले के हस्तशिल्प उत्पाद का निर्यात दर्ज की गई है। जिला उद्योग केंद्र के रिकॉर्ड के अनुसार में यह घटकर साढ़े छह से सात हजार करोड़ रुपये पर आ गया। एमएचईए के प्रेसीडेंट नावेद उर्रहमान का कहना है कि अमेरिका होल्ड कर दिए। नए आर्डर मिलने बंद हो गए।मुरादाबादी अमेरिकी निर्यात का 30 प्रतिशत काम कम हो गया। निर्यातकों लगेगा। इसमें खरीदारों के रुख से भविष्य के आर्डर की स्थिति वाले दिनों में भी बेहतर नतीजे की उम्मीद नहीं लगा सकते।- एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी साजिद मंसूरी ने बताया कि गए हैं। एक साल में निर्यात से जुड़े अलग-अलग क्षेत्रों से 60 को भी मना कर दिया है। कुछ को अब रोज के काम के हिसाब

महंगाई से मिले झटके ने मुरादाबाद के निर्यात कारोबार को हिला दिया है। तीन हजार करोड़ रुपये कम हुआ है। निर्यात में 30 फीसदी की गिरावट मुरादाबाद से हर साल 10437 करोड़ रुपये के निर्यात का औसत है।सालभर अमेरिका की नई टैरिफ दरों के बाद निर्यात का आंकड़ा तेजी से घटा है। के भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ से वहां के खरीदारों ने पहले से दिए आर्डर हस्तशिल्प निर्यात का 60 प्रतिशत कारोबार अमेरिका में ही है। लिहाजा का कहना है कि इसी माह (जनवरी) के मध्य में अमेरिका में फेयर स्पष्ट होगी। अगर टैरिफ और कच्चे माल की स्थिति इसी तरह रही तो आने पांच साल में डेढ़ लाख लोगों ने काम छोड़ा पीतल बस्ती दस्तकार पिछले पांच साल में करीब डेढ़ लाख लोग हस्तशिल्प के काम से दूर हो हजार लोगों की नौकरी चली गई। निर्यातकों ने करीब पांच हजार कामगारों से कामगारों को रखा जा रहा है। प्रतिदिन काम के हिसाब से भुगतान किया जाता है। इन देशों में होता है निर्यात- मुरादाबाद से हस्तशिल्प उत्पाद का निर्यात अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब, दुबई समेत करीब 20 देशों में किया जाता है। इसमें अकेले अमेरिका करीब 60 प्रतिशत हस्तशिल्प उत्पादों का निर्यात होता है। जिला उद्योग केंद्र के आंकड़े - जिले के नौ हजार लोगों का निर्यात-आयात के लिए पंजीकरण- करीब दो हजार लोगों का सिर्फ निर्यात के लिए पंजीकरण हर साल करीब 1200 लोग करते हैं निर्यात। करीब 800 लोग कभी-कभी कर पाते हैं निर्यात- अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में तलाश कर रहे खरीदार- मुरादाबाद के निर्यात में 30 प्रतिशत की कमी हुई है। युद्ध या अन्य कारणों से कई देश प्रभावित हैं, अमेरिकी टैरिफ बड़ी चुनौती है। ऊपर से कच्चे माल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में हस्तशिल्प उत्पाद और महंगा हो जाएगा। इससे निर्यात और घटने का डर है। -नावेद उर्रहमान, प्रेसीडेंट, एमएचईए- मुरादाबाद से हस्तशिल्प उत्पाद का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका जाता है। बड़े से लेकर छोटे निर्यातक अमेरिकी खरीदारों से जुड़े हुए हैं। अमेरिका में छोटी सी हलचल होती है तो इसका बड़ा असर मुरादाबाद के काम पर पड़ता है। अमेरिकी टैरिफ दरों ने स्थिति ज्यादा बदल दी है। - सुरेश कुमार गुप्ता, चेयरमैन, आईआईए हैंडीक्रॉफ्ट डेवलेपमेंट कमेटी- लगातार बढ़ती कच्चा माल की कीमतों की वजह से हस्तशिल्प उत्पाद महंगा हो गया है। वर्ष 2025 में बड़े आर्डर नहीं मिलें, जो भी मिले वह या तो कैंसिल हो गए या फिर होल्ड हो गए। इसकी वजह से कारोबार कम हुआ है। -सतपाल, सचिव, द हैंडीक्रॉफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन- निर्यातक अमेरिका के अलावा दूसरे देशों में हस्तशिल्प के खरीदारों की तलाश कर रहे हैं। हालांकि अभी दूसरे देशों में कोई खास बायर नहीं मिले हैं। यदि कच्चे माल की कीमत स्थिर नहीं हुई तो वर्ष 2026 में निर्यात और घटने की संभावना है। - दीपक चौधरी, निर्यातक

खुर्जा में आमने-सामने आ गईं थीं ट्रेनें.... तीन दिन बाद हटाए गए डीआरएम, दो स्टेशन मास्टर निलंबित

मुरादाबाद रेल मंडल के डीआरएम संग्रह मौर्य को पद से हटाकर राजकुमार सिंह को प्रभारी डीआरएम बनाया गया है। यह बदलाव 29 दिसंबर को खुर्जा स्टेशन पर एक ही लाइन पर दो ट्रेनों के आमने-सामने आ जाने की गंभीर घटना से जोड़कर देखा जा रहा है।संग्रह मौर्य को डीआरएम मुरादाबाद के पद से हटा दिया गया है।

शुक्रवार को तबादला आदेश के साथ ही यहां पहुंचे राजकुमार सिंह को मुरादाबाद रेल मंडल का प्रभारी डीआरएम बनाया गया है। सिंह इससे पूर्व मुरादाबाद डीआरएम की कुर्सी संभाल चुके हैं।इस आशय के आदेश में बदलाव का कारण स्पष्ट नहीं है लेकिन एकाएक हुआ यह परिवर्तन 29 दिसंबर को खुर्जा में एक लाइन पर दो ट्रेनें आ जाने का नतीजा माना जा रहा है। घटना के समय उत्तर रेलवे के जीएम अशोक वर्मा मुरादाबाद रेल मंडल के दौरे पर थे। खुर्जा स्टेशन पर 29 दिसंबर को हापुड़ की ओर से आने वाली एक्सप्रेस और

मेरठ की ओर से आ रही ट्रेन आमने-सामने आ गई थीं। दोनों ड्राइवरों के इमरजेंसी ब्रेक लगाने से दो गाड़ियों की भिड़ंत बच गई थी। उस वक्त मुरादाबाद मंडल में मुआयने पर आए जीएम अशोक वर्मा भी अफसरों के साथ तत्काल स्थानीय कंट्रोल रूम पहुंच गए थे।

उनकी मौजूदगी में मामले की रिपोर्ट उत्तर रेल मुख्यालय भेज दी गई थी। सूत्र बताते हैं कि उस वक्त माना गया था कि खुर्जा स्टेशन पर मेरठ की ओर से आ रही एक्सप्रेस ट्रेन को निकाले जाने के बाद हापुड़ से आ रही ट्रेन को चलाने की योजना थी। स्टेशन मास्टर को मेरठ से आने वाली ट्रेन निकल जाने का भ्रम होने से हापुड़ की ओर वाली ट्रेन को क्लियर सिग्नल दे दिया गया। ड्राइवरों के चौकस रहने से भीषण हादसा बच गया था। अब अचानक डीआरएम के पद पर बदलाव को खुर्जा प्रकरण का परिणाम माना जा रहा है, हालांकि कोई आला अफसर इस मामले में खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

...कुछ कह नहीं सकता- जीएम रेल मंत्रालय व रेलवे बोर्ड के इस निर्णय के बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता। खुर्जा में घटना हुई थी लेकिन आदेश ऊपर से ही हुए हैं। डीआरएम के बदलाव का क्या कारण रहा, इसके बारे में स्पष्ट जानकारी मेरे पास नहीं है। - अशोक कुमार वर्मा, जीएम, उत्तर रेलवे

दो स्टेशन मास्टर निलंबित, कई रडार पर- डीआरएम पद से संग्रह मौर्य को हटाए जाने के बाद कुछ मंडलीय रेल अधिकारियों पर भी गाज गिरने के आसार हैं। सिग्नल या ऑपरेटिंग विभाग में से किसी एक पर घटना की जवाबदेही तय हो सकती है। हालांकि मामले की उच्चस्तरीय जांच जोनल मुख्यालय की टीम कर रही है।

खुर्जा के दो स्टेशन मास्टरों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। 29 दिसंबर की रात जब जीएम अशोक वर्मा मुरादाबाद में मौजूद थे। उसी समय खुर्जा में एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के आमने-सामने होने का कंट्रोल रूम पर मैसेज आया था। जीएम फौरन कंट्रोल रूम पहुंचे।

पता चला कि दो ट्रेनें एक ही लाइन पर आमने-सामने थीं। ड्राइवर ब्रेक न लगाते तो बड़ा हादसा हो जाता। डीआरएम संग्रह मौर्य को मौके पर रवाना किया गया। साथ ही दो स्टेशन मास्टरों व टीआई को निलंबित कर दिया गया था।

यदि खुर्जा की घटना के कारण ही डीआरएम को हटाया गया है तो यह न्यायसंगत नहीं है। इससे आने वाले अधिकारी भी दबाव में कार्य करेंगे। कर्मचारियों से जुड़े मामले भी प्रभावित होंगे। - राजेश चौबे, मंडल मंत्री, नरमू

संग्रह मौर्य ने तीन माह कई महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान कराया। यदि वास्तव में खुर्जा की घटना इस कार्रवाई का कारण है तो यह तर्कसंगत नहीं है। -धर्मवीर सिंह, मंडल मंत्री, उरमू

तीन माह में ही हटे डीआरएम...पीछे कुछ तो है

बदलाव की जद में आए दोनों अफसरों की इसे लेकर चुप्पी है लेकिन पीछे कुछ गहरा है, यह हर कोई मान रहा है। मुरादाबाद रेलवे के इतिहास में यह पहला मौका है जब महज तीन माह में डीआरएम को हटा दिया गया। अधिकारियों, ट्रेड यूनियनों और रेलवे स्टाफ में चर्चा है कि खुर्जा में 29 दिसंबर को दो ट्रेनों की भिड़ंत की नौबत ही इस तबादले का कारण है।

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर की कार्रवाई, जागरूक भी किया

मुरादाबाद । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को यातायात पुलिस ने महानगर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर विशेष अभियान चलाया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने तथा

सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। शुक्रवार को यातायात जिला प्रभारी मिथलेश कुमार ने बताया कि अभियान के तहत कुल 550 लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं में कुल 483 ई-चालान काटे। अधिकारियों ने चौराहों पर हाईवे पर नियमों का उल्लंघन कर बाइक दौड़ा रहे बाइक सवारों को रोक कर उन्हें नियमों का पालन न करने की स्थिति में होने वाली जनहानि के बारे विस्तार से बताया और नियमों का पालन करने की अपील की। कहा कि वह अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी की गई। यातायात पुलिस ने विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 149, बिना सीट बेल्ट 13, ओवर स्पीड में 29, ट्रिपल राइडिंग 10, बिना ड्राइविंग लाइसेंस 46,नो-पार्किंग- 83, बिना इंश्योरेंस 20 चालान किए। जिला प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं में कुल 483 ई-चालान जारी किए। आमजन से अपील की गई कि वह अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें तथा हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।

22 दुकान व मकानों में रह रहे 48 लोगों को नोटिस...15 दिन में दिखाने होंगे वैध दस्तावेज

संभल। जामा मस्जिद से सटे कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। विवादित धार्मिक स्थल के निकट स्थित आठ बीघा कब्रिस्तान की पैमाइश के बाद 22 दुकान-मकानों में रह रहे 48 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर पालिका परिषद में टैक्स जमा करने मात्र से भूमि पर स्वामित्व सिद्ध नहीं होता, इसके लिए वैध साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। ऐसा नहीं कर पाये तो सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। 12 दिसंबर को श्री कल्कि सेना के राष्ट्रीय संयोजक सुभाष त्यागी एडवोकेट ने जामा मस्जिद से सटे कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया से शिकायत की थी। कहा था कि विवादित धार्मिक स्थल के निकट गाटा संख्या 32/2 में आठ बीघा भूमि राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है लेकिन लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर मकान व दुकानें बनाकर खड़ी कर लीं। कहा गया था कि यह कब्जे सपा के शासनकाल में किये गये। यह भी आरोप था कि 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा के दौरान इन्हीं मकानों की छतों से पुलिस बल पर पथराव व फायरिंग की गई थी। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम रामानुज व तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह को जमीन की पैमाइश कराने के निर्देश दिये थे। इसके बाद ही 30 दिसंबर को तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में नायब तहसीलदार बबलू कुमार, दीपक जुरैल और अरविंद कुमार सिंह की मौजूदगी में 22 लेखपालों की टीम ने भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच कब्रिस्तान की भूमि की पैमाइश की थी। पैमाइश के दौरान ही साफ हो गया था कि 22 दुकानें और बहुमंजिले मकान कब्रिस्तान की भूमि पर बनाये गये हैं।

नहीं दिये पुख्ता दस्तावेज तो हटानेएं जाएंगे कब्जे- तहसीलदार

संभल धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पैमाइश के दौरान यह बात साफ हो गई थी कि 22 दुकानें और उनके ऊपर जो मकान बने हैं वह कब्रिस्तान की भूमि पर बनाए गए हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

महाशिवरात्रि पर शिव से जुड़ी आकृतियों से सजेगी नाथनगरी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। इस बार महाशिवरात्रि पर नाथनगरी भव्य और आकर्षक रूप में नजर आएगा। बरेली विकास प्राधिकारण (बीडीए) ने शहर को फूलों से सजाने और बड़े स्तर पर फ्लावर शो के सात दिवसीय आयोजन की तैयारी तेज कर दी है। नाथनगरी को भगवान शिव से जुड़ी आकृतियों के रूप में फूलों से अलग-अलग सजावट की जाएगी। इसी को लेकर बीते दिवस बीडीए कार्यालय में अहम बैठक बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए. की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें शहर के प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का फोकस महाशिवरात्रि के अवसर पर सात दिन तक शहर को नई पहचान देने और शहर को सांस्कृतिक व सौंदर्यात्मक रूप से सुसज्जित करने पर रहा। बीडीए उपाध्यक्ष के समक्ष व्यापार मंडल, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, ज्वैलर्स एसोसिएशन, होटल एवं बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन, बिल्डर्स, आर्किटेक्ट्स और आईआईए जैसी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने आयोजन को यादगार बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। जिसके बाद निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर करीब एक सप्ताह तक बरेली के प्रमुख चौराहों, मुख्य सड़कों, डिवाइडरों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाएगा, ताकि शहर में उत्सव का माहौल बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरीदपुर के दिवंगत विधायक को दी श्रद्धांजलि

अन्य जनप्रतिनिधि भी पहुंचे अंतिम यात्रा में ,उमड़ा जन सैलाब

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। फरीदपुर से भाजपा के विधायक रहे प्रोफेसर डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बरेली स्थित उनके आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। बता दें कि विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्रद्धांजलि देने के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि श्याम बिहारी लाल एक सरल, कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि थे।

उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। 11 बजे मुख्यमंत्री वापस रवाना करीब दस मिनट तक मुख्यमंत्री विधायक के निवास पर मौजूद रहे। महेश गुप्ता के साथ आई भीड़ को रोका बदायूं से पूर्व मंत्री महेश गुप्ता तमाम लोगों के साथ पहुंचे। मगर उनके साथ आई भीड़ को पुलिस ने शक्तिनगर कॉलोनी के गेट पर ही रोक दिया।

इसी तरह तमाम अन्य नेताओं को भी मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व ही कॉलोनी में जाने से रोक दिया गया। सीओ से भिड़े पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा मुख्यमंत्री के विधायक निवास पहुंचने के बाद पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा और पूरन लाल लोधी भी पहुंचे। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने उन्हें अन्दर जाने से रोक दिया। इस पर राजकुमार शर्मा सीओ से भिड़ गए और जबरन अंदर चले गए। मुख्यमंत्री की मौजूदगी के दौरान रुका रहा ट्रैफिक विधायक श्याम बिहारी के आवास पर मुख्यमंत्री के पहुंचने से दस मिनट पहले ही सड़क पर दोनों ओर से ट्रैफिक रोक दिया गया। इस पर राजकुमार शर्मा सीओ से भिड़ गए और जबरन अंदर चले गए। मुख्यमंत्री की मौजूदगी के दौरान रुका रहा ट्रैफिक विधायक श्याम बिहारी के आवास पर मुख्यमंत्री के पहुंचने से दस मिनट पहले ही सड़क पर दोनों ओर से ट्रैफिक रोक दिया गया। जब तक मुख्यमंत्री का काफिला वापसी के लिए रवाना नहीं हुआ, पीलीभीत बाईपास पर दोनों ओर से ट्रैफिक बंद रखा गया।

दिवंगत विधायक डॉ. श्याम बिहारी पंचतत्व में विलीन

समर्थकों ने नम आंखों से किया विदा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। फरीदपुर की श्मशान भूमि पर दिवंगत विधायक डॉ. श्याम बिहारी का अंतिम संस्कार किया गया। नम आंखों के बीच उनके बेटे ने चिता को मुखाग्नि दी, इसके साथ ही वह पंचतत्व में विलीन हो गए। हर किसी की आंखों में उनके इस तरह अचानक चले जाने का गम साफ झलक रहा था। अंतिम यात्रा में भी तमाम मंत्री और भाजपा के नेता शामिल हुए।

फरीदपुर के विधायक कार्यलय पर उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। शनिवार दोपहर करीब 2 बजकर 13 मिनट पर यहां से अंतिम यात्रा शुरू हुई, जिसमें हजारों की तादाद में विधायक के समर्थक, मंत्री, नेता और आम लोग शामिल हुए। 3 बजकर 20 मिनट पर श्मशान भूमि पर सलामी दी गई।

3 बजकर 40 मिनट पर उनके बेटे ने मुखाग्नि दी। इस दौरान सीतापुर के सिधौली से विधायक मनीष राव, शाहजहांपुर सांसद अरुण सागर, जिला पंचायत अध्यक्ष रशमी पटेल, एमलएसी हरी सिंह ढिल्लो, अशोक कटारिया, दिगविजय सिंह शाक्य, विधायक डीसी वर्मा, मेयर उमेश गौतम, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में शर्मनाक हरकत : महिला से छेड़छाड़ के आरोप में वार्ड बॉय की धुनाई

अस्पताल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बरेली। नववर्ष के जश्न के बीच बरेली के जिला अस्पताल में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक वार्ड बॉय पर महिला से अभद्रता करने का गंभीर आरोप लगा। महिला अपने परिचित मरीज को देखने इमरजेंसी वार्ड पहुंची थी और बाहर बैठकर मोबाइल पर बात कर रही थी। आरोप है कि तभी पीछे से आए वार्ड बॉय ने महिला पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी।

महिला के विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। खुद को अपमानित महसूस कर महिला ने शोर मचा दिया। शोर सुनते ही आसपास मौजूद तीमारदार और राहगीर मौके पर जुट गए और वार्ड बॉय को घेरकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। अस्पताल परिसर में काफी देर तक हंगामे का माहौल बना रहा।

इसी दौरान किसी व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी वार्ड बॉय को हिरासत में लेकर अस्पताल चौकी ले गई। वहां दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद आपसी सहमति से मामला शांत कराया गया।

घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रशासन ने आरोपी वार्ड बॉय को तत्काल इमरजेंसी ड्यूटी से हटाकर दूसरी जगह तैनात कर दिया है।

अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एल.के. सक्सेना ने बताया कि जिला अस्पताल परिसर में वार्ड बॉय और महिला के बीच विवाद की जानकारी मिली है। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। यदि किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

महाशिवरात्रि पर फूलों से महकेगा शहर, भगवान शिव के प्रतीक से सजेंगे प्रमुख चौराहे

महाशिवरात्रि पर पूरा बरेली शहर शिवमय होगा। शहर के प्रमुख जगहों और चौराहों को फूलों से सजाया जाएगा। सप्ताहभर सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बरेली में महाशिवरात्रि पर करीब सप्ताह भर तक बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से शहर को फूलों से सजाया जाएगा। शिव प्रतीक डमरू, सर्प, त्रिशूल, चंद्रमा आदि समेत विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए चौराहे सजाए जाएंगे। शुक्रवार को आगामी फ्लॉवर शो के संबंध में हुई बैठक में ये जानकारी बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने दी। इस पर व्यापार मंडल, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, चैंबर्स ऑफ कॉमर्स, ज्वेलर्स एसोसिएशन, होटल एवं बैंक्वेट हॉल, क्रेडाई, आर्किटेक्ट, आईआईए के पदाधिकारियों ने सहमति जताई। सभी ने सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान करने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। उपाध्यक्ष ने करीब सप्ताह भर तक शहर के प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों, डिवाइडरों, पार्कों, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण पर चर्चा की। जिसमें प्रतीक और सजावट संबंधी सहमति बनी।प्रस्तावित किया कि पुष्प सज्जा की थीम सिर्फ धार्मिक प्रतीकों के अलावा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण संरक्षण, हरित ऊर्जा, स्वच्छता, सतत विकास जैसे समकालीन विषय भी शामिल रहें। इसके लिए मुख्य मार्गों को क्षेत्रवार विभाजित कर सेक्टरवार विशेष थीम तय की जाए। व्यापारी और समाजसेवियों से स्वैच्छिक सहयोग की अपील- बीडीए उपाध्यक्ष ने स्थानीय व्यापारिक, सामाजिक संगठनों से स्वेच्छा से किसी एक सेक्टर या चौराहा गोद लेकर निर्धारित थीम के अनुरूप पुष्प सज्जा कराने की अपील की, ताकि जनसहभागिता रहे। ग्रेटर बरेली स्थित रुद्रावनम पार्क और बीडीए कार्यालय परिसर की सजावट होगी। उपाध्यक्ष ने आयोजन सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय, सहयोग, नवाचार से कार्य करने को कहा ताकि एक भव्य, आकर्षक, सांस्कृतिक स्वरूप बने।

बरेली में 300 एकड़ जमीन पर विकसित होगी इंडस्ट्रियल टाउनशिप, जनवरी में मिलेगी रामायण वाटिका की सौगात

